# बाड़ेबंदी से निकलकर पार्षद आज चुनेंगे ग्रेटर निगम की नई महापौर

## भाजपा की रश्मि सैनी और कांग्रेस की हेमा सिंघानिया के बीच होगा मुकाबला

- दोनों ही दलों के नेता अपने-अपने पार्षदों से बातचीत कर नाराजगी दूर करने में जुटे
- सांगानेर के निर्दलीय पार्षद जय वशिष्ठ ने भी बाड़ेबंदी में पहुंचकर भाजपा ज्वॉइन की

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । ग्रेटर नगर निगम की नई महापौर चुनने के लिए भाजपा-कांग्रेस के पार्षद गुरूवार सुबह बाड़ेबंदी से बाहर निकलेंगे। भाजपा से रश्मि सैनी और कांग्रेस से हेमा सिंघानियां चुनावी मैदान में है। उधर जैसे-जैसे चुनावी वक्त नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे दोनों ही दलों के नेता अपने-अपने क्षेत्र के पार्षदों से समझाइश कर नाराजगी दूर करने में जुटे हैं।

उधर राज्य सरकार ने सौम्या गुर्जर को भले ही मेयर पद से बर्खास्त कर दिया है, लेकिन उनके केस पर भी हाईकोर्ट में गुरूवार को सुनवाई होगी। ऐसे में फिलहाल कशमकश का माहौल बना हुआ है।

सूत्रों की मानें तो बीजेपी ने अपने पार्षदों को विशेष तौर पर सहेजकर रखा है, क्योंकि नेताओं को डर है कि प्रत्याशी चयन को लेकर पिछले दिनों उभरी नाराजगी कहीं क्रॉस वोटिंग जैसे नतीजे के तौर पर सामने न आ जाए। क्योंकि पिछले बोर्ड में भी बीजेपी के बागी विष्णु लाटा ने पार्टी उम्मीदवार मनोज भारद्वाज को पटखनी देते हुए मेयर की कुर्सी हासिल कर ली थी। जिसके चलते पार्टी नेताओं की जमकर किरकरी हुई थी।

वहीं दूसरी ओर पिछले दो दिन से लगातार होटल चौमूं पैलेस में विधायकों की बाड़ेबंदी के बीच बड़े नेताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया और नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया भी बाड़ाबंदी में पहुंचेंगे। उधर बुधवार को सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय पार्षद जय वशिष्ठ विधायक अशोक लाहोटी के साथ बाड़ेबंदी में पहुंचे और भाजपा में शामिल हो गए।

इस अवसर पर राजस्थान भाजपा की सह प्रभारी विजया राहटकर, सांसद रामचरण बोहरा, विधायक कालीचरण सर्राफ, नरपत सिंह राजवी, रामलाल शर्मा , शहर भाजपा अध्यक्ष राघव शर्मा, पूर्व मंत्री राजपाल सिंह, कैलाश बोहरा, जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, उप महापौर पुनीत कर्णावत, प्रदेश मंत्री लक्ष्मीकांत भारद्वाज, कृष्ण मोहन और नवरतन नाराणिया मौजूद थे।

राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं है कि बीजेपी में महापौर प्रत्याशी तय होने के बाद से कई पार्षदों में नाराजगी है, जिसे दूर करने में पार्टी के नेता जुटे हुए है। माना जा रहा है कि कुछ पार्षदों को महापौर चुनाव के बाद समिति अध्यक्ष बनाकर नाराजगी दूर करने की कोशिश की जायेगी।

चर्चाएं है कि महापौर के टिकट के लिए जो दावेदार थे, उनकी नजर विधानसभा चुनाव पर है। कार्यवाहक मेयर शील धाभाई और सुखप्रीत बंसल समेत अन्य प्रत्याशियों ने विधानसभा टिकट पर नजर लगाई है। अंदरखाने कुछ नेताओं से उन्हें आश्वासन मिलने की जानकारी सामने आई है। ज्ञात रहे कि शील धाभाई पहले भी कोटपूतली से चुनाव लड़ चुकी हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि महापौर का टिकट नहीं पाने वाले प्रत्याशियों की नाराजगी पार्टी इस तरह भी दूर कर सकती है।

देखा जाये तो पिछले 8 सालों में जयपुर नगर निगम में गुरूवार को सातवां महापौर चुना जायेगा। वर्ष 2014 से अब तक यहां 8 साल में 6 महापौर बन चुके हैं। अगला महापौर 10 नवम्बर को बनेगा। इससे पहले 2014 में निर्मल नाहटा जयपुर के महापौर बने थे। दो साल बाद उन्हें हटाकर अशोक लाहौटी को महापौर बनाया गया। इसके बाद वर्ष 2018 में सांगानेर विधायक बनने के बाद लाहौटी ने इस्तीफा दिया। इसके बाद उपमहापौर मनोज भारद्वाज को यह प्रभार संभलाया गया। इसके कुछ समय बाद दोबारा से महापौर के चुनाव हुए। जिसमें विष्णु लाटा नए महापौर बन गए।

इसके बाद जयपुर में दो नगर निगम बनने के बाद सौम्या गुर्जर ग्रेटर निगम की महापौर बन गई। मगर विवादों के फंसने और निलंबन के चलते शील धाभाई को उनके बाद कार्यवाहक महापौर बनाया गया। शील धाभाई इस दौरान छठवीं महापौर बनी। अब 10 नवम्बर के चुनाव के बाद नगर निगम को सातवां महापौर मिलेगा।

## पत्नी को चाकू घोंपने वाला पति गिरफ्तार

**जयपुर** । करधनी पुलिस ने पत्नी पर चाकू से हमला करने वाले आरोपित पति को गिरफ्तार कर उसके पास से वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है।

डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया गिरफ्तार पति जितेन्द्र शर्मा (24) नगर जिला भरतपुर का रहने वाला है। आरोपित की शादी साल 2008 में हुई थी और उसके एक लडका व एक लडकी है। उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक होने के कारण पूर्व में भी कई बार झगडे हो चुके हैं। इस कारण से वह पिछले एक-डेढ़ साल से दोनों ही अलग ही रह रहे थे, लेकिन घटना से चार दिन पहले वापस एक साथ रहने लगे थे। 29 अगस्त के दिन उसने अपनी पत्नी को किसी बाइक पर आते देख शक हो गया और कई बार पूछने पर भी झूठ बोलने पर फिर से झगडा होने पर हाथ में चाकू आने पर गुस्से में उसने अपनी पत्नी के पेट में चाकू घोंप दिया। पत्नी को लहूलुहान देख आरोपित पति घबरा गया और फिर वहां से फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने दबोच लिया।

# करधनी में प्रोपर्टी डीलर पर दिनदहाड़े जानलेवा हमला

- दो हिस्ट्रीशीटर और कार सवार आधा दर्जन बदमाशों ने सरिये-डंडों से युवक के हाथ-पैर तोड़े

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के करधनी इलाके में बुधवार दोपहर एक प्रॉपर्टी डीलर पर कातिलाना हमला हुआ। बोलेरो कैम्पर और स्विफ्ट गाड़ी में सवार होकर आए दो हिस्ट्रीशीटर समेत आधा दर्जन बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया।

करीब 20 दिन पहले हुई मारपीट का बदला लेने के लिए बदमाश पीड़ित की स्कॉर्पियो को टक्कर मारकर काफी दूर तक घसीट ले गए। इसके बाद बदमाशों ने पीड़ित को कार से बाहर निकाल उस पर लाठी-डंडो और लोहे के सरियों से हमला कर दिया। हमले में कारोबारी के हाथ-पैर टूटे है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश में नाकाबंदी की, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। फ़िलहाल पीड़ित का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है।

एसीपी झोटवाड़ा प्रमोद स्वामी ने बताया गुलाबवाड़ी का रहने वाला विजेंद्र राठौड़ (40) प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। वह बुधवार दोपहर को नाड़ी का फाटक के पास निर्मल विहार में अपनी स्कॉर्पियो कार में बैठा हुआ था। इसी दौरान एक बोलेरो कैम्पर ने आकर उसकी स्कॉर्पियो को टक्कर मारी और काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई। पीड़ित की स्कॉर्पियो एक चबूतरे पर चढ़कर टेढ़ी खड़ी हो गई। बोलेरो के पीछे ही एक स्विफ्ट कार आई। इसके बाद बोलेरो और स्विफ्ट सवार बदमाशों ने विजेंद्र पर लाठी-डंडो और लोहे के सरियो से हमला बोल दिया। बदमाशों ने उसके साथ जमकर मारपीट की, जिससे उसके दोनों पैर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित के पर्चा बयान के आधार पर जितेंद्र, अजय, भगवान् सिंह, सागर सहित 3-4 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। हमलावर जितेंद्र और सागर हिस्ट्रीशीटर हैं।

पुलिस के अनुसार पीड़ित विजेंद्र और जितेंद्र आपस में अच्छे परिचित हैं। दीपावली से दो दिन पहले सभी दोस्तों की शराबपार्टी हुई थी, जिसमें किसी बात को लेकर विजेंद्र और जितेंद्र के बीच विवाद हो गया। बताया जा रहा है तब विजेंद्र और उसके साथियों ने जितेंद्र से मारपीट की थी। इसी का बदला लेने के लिए जितेंद्र ने बुधवार को विजेंद्र पर हमला कर हाथ-पैर तोड़ दिए।

## महिला दो माह से लापता

**जयपुर** । दिल्ली से जयपुर के रास्ते में गायब हुई विवाहिता की रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए उसका पति दो माह तक थानों के चक्कर काटता रहा, लेकिन उसे कोई मदद नहीं मिली। आखिरकार कोर्ट के दखल के बाद मानसरोवर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। अब पुलिस लापता विवाहिता की तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार स्वर्ण पथ निवासी परिवादी पुनीत राजोरिया का विवाह 2019 सितंबर माह में संजू कुमारी जाटव के साथ हुआ था। उसके बाद से पति-पत्नी मानसरोवर में किराए के मकान पर रह रहे थे। 28 अगस्त को परिवादी की पत्नी संजू कुमारी दिल्ली में रहने वाले अपने धर्म भाई से मिलने के लिए गई थी। 2 सितंबर को शादी की सालगिरह मनाने के लिए पुनीत भी दिल्ली चला गया। संजू 5 सितंबर को दिल्ली से जयपुर के लिए रवाना हुई थी।

## सार-समाचार

### जहां-ए-खुसरो संगीत महोत्सव 19 से



**जयपुर** । पर्यटन विभाग, राजस्थान द्वारा वार्षिक विश्व सूफी संगीत समारोह जहां-ए-खुसरो का आयोजन जयपुर में 19 व 20 नवम्बर को होगा। इस समारोह में हमेशा की तरह सूफी संगीत की मधुर ध्वनियां गूंजेगी। अल्बर्ट हॉल में आयोजित इस महोत्सव में राजस्थान की संस्कृति की झलक दिखाई देगी। बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रमुख सचिव, पर्यटन गायत्री राठौड़ ने बताया कि राजस्थान की अपनी सांस्कृतिक समृद्ध परंपरा रही है और इस तरह के आयोजन से देश विदेश में राजस्थान की सांस्कृतिक समृद्धता की गूंज होती है। उन्होंने बताया कि जहान ए खुसरो एकता के रंग का प्रतीक है और महोत्सव में गूंजने वाली आवाज दूर तक सुनाई देगी। जहान ए खुसरो हर साल आध्यात्मिक जागृति की एक नई छाया मनाता है और इस साल यह राजस्थान की एक दंत कथा मूमल को एक स्टेज शो के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। मूमल हर धर्म को साथ लाने की किंवदंती न केवल राजस्थान के लोक कथाओं में बल्कि सिंध में सूफी कवि संत शाह अब्दुल लतीफ भिताई की कविता और संगीत में और गुजरात के रेगिस्तान में भी प्रतिध्वनित हुई।

### 77 वां उर्स मुबारक कल होगा



**जयपुर** । संसार चंद्र रोड स्थित मीर कुर्बान अली के बाग में हजरत सैयद अनवार उर रहमान चिश्ती नियाजी के 77 वां उर्स मुबारक 11 नवंबर से शुरू होगा। 3 दिन के उर्स मुबारक में देशभर के नामचीन कव्वाल अपनी पेशकश करेंगे। दरगाह सज्जादा नशीन डॉ.सैयद हबीबुर्रहमान नियाजी ने बताया की हर साल हजरत सैयद अनवर उल रहमान चिश्ती नियाजी के उर्स जोशो खरोश के साथ में मनाए जाते हैं। कोविड-19 के 2 सालों बाद में इस बार और पूरी रस्म के साथ मनाए जाएंगे। इस मौके पर देश भर से अक़ीदत मंद इसमें शिरकत करने पहुंचते हैं। 3 दिन के उसमें 11 नवम्बर को कुरान खानी, मिलाद शरीफ और रात को महफिल ए कव्वाली का आयोजन होगा। 12 नवंबर को 2 बजे कुल वक्त ए विसाल, शाम को चादर पेश की जाएगी और मगरिब की नमाज के बाद लंगर होगा और रात 10 महफिल ए समा जिसमें देशभर के नामचीन कव्वाल करेंगे। तीसरे दिन 13 तारीख को चरागा किया जाएगा जिसमें खासतौर पर महिलाओं शिरकत करने पहुचेंगी। उन्होंने बताया कि 9 नवंबर को उर्दू डे मनाया जाता है इस मौके पर दिल्ली के गालिब एकेडमी में अंतर्राष्ट्रीय अल्लामा इकबाल अवार्ड से उन्हें नवाजा जाएगा।

### पांडुलिपि का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण

**जयपुर** । राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं श्री वीरेश्वर वैदिक हेरिटेज एवं शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 9 से 11 नवम्बर तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पांडुलिपि प्रशिक्षण कार्यशाला आज से प्रारंभ हुई। श्री वीरेश्वर भवन, गणगौरी बाजार, जयपुर में आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए अकादमी की अध्यक्ष डॉ. सरोज कोचर ने कहा कि राजस्थान संस्कृत अकादमी ने अपने स्तर पर राज्य में एक लाख पांडुलिपियों का पता लगाया है, इनमें खगोल, भूगोल, गणित रसायन और आयुर्वेद की दुर्लभ पांडुलिपियां सम्मिलित हैं। इसी प्रकार राज्य में कहीं भी किसी भी स्थान पर उपलब्ध पांडुलिपियों के लिए एक सर्वे प्रक्रिया के अंतर्गत अकादमी द्वारा एक गूगल फॉर्म अपनी वेबसाइट पर जारी किया गया है, गूगल फॉर्म भरने के पश्चात अकादमी पांडुलिपियों के संग्रहण, सूचीकरण, संरक्षण एवं डिजिटलाइजेशन का कार्य वृहद स्तर पर प्रारंभ करेगी। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी ने कहा कि पांडुलिपियां भारतीय ज्ञान विज्ञान की अमूल्य धरोहर हैं। इनमें निहित ज्ञान भारत को विश्व गुरु के रूप में पुनः स्थापित करने में सहायक होगा।

### खालिद हुसैन प्रदेश सचिव नियुक्त



**जयपुर** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन हरसहाय यादव ने चांदपोल में तोपखाने का रास्ता निवासी खालिद हुसैन को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। उन्हें यह नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव के निर्देश पर दी गई है।

### सामूहिक विवाह समारोह 17 दिसंबर को

**जयपुर** (कासं)। शेखावाटी रंगरेजान वेलफेयर सोसायटी जयपुर की ओर से इज्तेमाई शादी (सामूहिक विवाह समारोह) 17 दिसंबर को होगा। कार्यकारिणी सदस्य इस्लाम कांमा वाला ने बताया कि आगामी 20 नवंबर को सुबह 10 बजे जयपुर में रामगढ़ मोड स्थित कर्बला में लग्न चाय-पानी होगा। इसके बाद 17 दिसंबर को सुबह 8 बजे निकाह की रस्म होगी।

### जरूरतमंदों को जैकेट व राशन वितरित

**जयपुर** (कासं)। डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक शाह मस्ताना महाराज के 131वें जन्मदिवस का पावन भंडारा जयपुर ब्लॉक की ओर से विधाधरनगर स्टेडियम में धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां उत्तरप्रदेश के जिला बागपत स्थित शाह सतनाम जी आश्रम बरनावा से ऑनलाइन गुरुकुल के माध्यम से साध-संगत से रूबरू हुए। राजस्थान के 45 मैंबर कुलभूषण इन्सां ने बताया कि इस अवसर पर 777 जरूरतमंद बच्चों को जैकेट व ट्रैकशूट, 131 गरीब परिवारों को एक माह का राशन दिया गया। वहीं इस दौरान पूज्य गुरु जी ने साईं शाह मस्ताना जी महाराज से नाम शब्द लेने वाले पुराने सत्संगी बहन-भाईयों को प्रेम निशानी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आई हुई समस्त साध-संगत को मूंग का हलवा, गुलदाना सहित तीन प्रकार के प्रसाद भी दिए गए।

## डीएनए रिपोर्ट के आधार पर दुष्कर्मी को सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त विनोद सिंह को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने नागौर निवासी इस अभियुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि भले की पीड़िता ने दुष्कर्म से इनकार किया हो, लेकिन डीएनए जांच से साबित है कि उसके साथ अभियुक्त ने संबंध बनाए हैं। इसके अलावा नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व भी नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि 26 जनवरी 2020 को पीड़िता की मां ने गोविन्दगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि उसकी बेटी ब्यूटी पार्लर का कोर्स करने के लिए खेजरोली जाती है। एक दिन पहले वह खेजरोली जाने के लिए घर से निकली, लेकिन वहां नहीं पहुंची। उसे आशंका है कि विनोद उसे अपने साथ ले गया है।

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पीड़िता को जोधपुर से बरामद कर अभियुक्त के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने कहा कि वह परिजनों को बिना बताए अकेली जोधपुर गई थी। वहां विनोद ने उसके साथ कोई गलत काम नहीं किया। करीब पन्द्रह दिन रहने के बाद पुलिस आकर उसे ले गई थी। वहीं डीएनए जांच में आया कि अभियुक्त ने पीड़िता के साथ संबंध बनाए थे।

# जेडीए ने वीकेआई में 300 करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया 40 वर्ष पुराना अवैध कब्जा व अतिक्रमण

## अतिक्रमियों ने इस भूमि पर श्री सृष्टि इंटरनेशनल स्कूल, कार सर्विस सेंटर, 100 से ज्यादा झुग्गी-झौपड़ियां और 20 कमरें और गोदाम बनाकर कब्जा कर रखा था



जेडीए की प्रवर्तन विंग ने वीकेआई स्थित मल्होत्रा नगर में 11 बीघा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण ध्वस्त किये।

- जेडीए की प्रवर्तन टीम ने तीन थानों और रिजर्व पुलिस लाइन के 200 से ज्यादा पुलिस अधिकारी व जवानों की मौजूदगी में हटाया कब्जा
- जेडीए की कार्रवाई के विरोध में अतिक्रमी छोटू मीणा और दो अन्य युवक पानी की टंकी पर चढ़े, लेकिन मधुमक्खियों के हमले के कारण नीचे उतर आए

**जयपुर** (कासं)। जेडीए की प्रवर्तन विंग ने शहर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र (वीकेआई) में बड़ी कार्रवाई कर 300 करोड़ रुपये की सरकारी जमीन पर कब्जा लिया। मल्होत्रा नगर के खसरा नंबर 15/1 की इस 11 बीघा 19 बीस्वा जमीन पर लोगों ने पिछले 40 वर्षों से अवैध कब्जे और अतिक्रमण कर रखे थे। बुधवार सुबह तीन पुलिस थानों, रिजर्व पुलिस लाइन और जेडीए के जाप्ते समेत पुलिस के करीब 200 अधिकारी और जवान जैसे ही कार्रवाई करने पहुंचे तो लोगों में हड़कंप मच गया। एक-एक करके लोग अपने-अपने गोदाम और ऑफिस खाली करने लगे।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जेडीए की टीम ने जेसीबी और पोकलेन मशीन की मदद से कबाड़ के पांच गोदाम, मार्बल-पत्थर के 6 गोदाम, मारूति ऑटो मोबाईल सर्विस सेंटर, श्री सृष्टि इंटरनेशनल स्कूल के 13 कमरे, 5 ऑफिस और दो दुकानें ध्वस्त की। इसके अलावा करीब 100 झुग्गी-झोपड़ियां, तारबंदी, 8 लोहे के गेट व 10 बाउंड्रीवाल को भी हटाया।

उधर जेडीए की इस कार्रवाई के विरोध में एक व्यक्ति पानी की टंकी पर चढ़ गया। थोड़ी देर बाद जब उस पर मधुमक्खियों ने हमला किया तो वह नीचे उतर गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए कावंटिया हॉस्पिटल में पहुंचाया।

रघुवीर सैनी ने बताया कि इस जमीन को खाली करवाने के लिए अक्टूबर माह में 15 से ज्यादा नोटिस जारी किए गए। बुधवार सुबह जब जेडीए की टीम और पुलिस जवानों का जाब्ता मौके पर पहुंचा तो लोगों ने इसका विरोध किया। इस दौरान छोटू मीणा समेत 2 अन्य व्यक्ति यहां बनी एक पानी की टंकी पर चढ़ गए और विरोध करने लगे। छोटू टंकी के ऊपर चढ़ गया, लेकिन बाकी दो लोग सीढ़ियों पर ही रुक गए। हालांकि बाद में मधुमक्खी के हमले के कारण ये लोग खुद ही नीचे उतर गए।

छोटू मीणा ने ही इस बेशकीमती सरकारी जमीन पर कब्जा करके व्यवासियों और झुग्गी-झौपडी के लोगों को किराये पर दे रखा था। इस कार्यवाही में एक एडिशनल एसपी, दो डिप्टी, 7 से ज्यादा सीआई रैंक के अधिकारी के अलावा 200 से ज्यादा पुलिस और होमगार्ड के जवान मौजूद रहे।

रघुवीर सैनी ने बताया कि जेडीए ने जब अतिक्रमियों को नोटिस थमाया तो लोग इसके खिलाफ जेडीए ट्रिब्यूनल कोर्ट में भी गए, लेकिन वहां से भी इनको कोई राहत नहीं मिली। इस जमीन के मामले में वर्ष 2018 में राजस्थान हाईकोर्ट में मामला भी चला था, इसमें कोर्ट ने अतिक्रमियों को जमीन खाली करने और उन पर जमीन पर कब्जा करने के मामले में 1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। इसी को जेडीए की ओर से ट्रिब्यूनल में पेश किया गया, जिसके बाद ट्रिब्यूनल ने स्टे देने से मना कर दिया।

सैनी ने बताया कि इन अतिक्रमियों ने साल 2018 में इस जमीन पर स्टे लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट में भी स्पेशल लीव पीटीशन (एसएलपी) दायर की थी, लेकिन वहां से भी इन्हें कोई राहत नहीं मिली थी। वर्ष 1997 में जब ये जमीन जेडीए के खाते में दर्ज हुई थी, तब से अब तक लगातार इस मामले में अतिक्रमियों ने हर कोर्ट स्तर (एसडीएम, रेवेन्यू, हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट) पर अपीलें दायर की, लेकिन कहीं भी इन्हें राहत नहीं मिली। इसके चलते बुधवार सुबह जेडीए ने इस 11 बीघा 19 बीस्वा जमीन पर कब्जा लिया।

# प्रदेश में सात दिन बाद करोना से फिर एक संक्रमित की मौत

## राज्य में बुधवार को 31 नए करोना संक्रमित रोगी मिले

**जयपुर** । प्रदेश में सात दिन बाद बुधवार को करोना संक्रमण से एक मरीज की और मौत हुई है। वहीं इस दौरान 31 नए संक्रमित मिले हैं। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 78 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर तीन सौ से कम हो गए हैं। प्रदेश में बुधवार को 9 जिलों में 31 नए संक्रमित सामने आए हैं। वहीं इससे पहले मंगलवार को भी इतने ही रोगी पाए गए थे। इधर आज सबसे अधिक 7 मरीज जयपुर में मिले। इसके अलावा उदयपुर में 6, जोधपुर में 5, अजमेर व राजसमंद में 4-4, कोटा में 2 तथा झालावाड़, नागौर और पाली में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 2291 जांचे की गई।

प्रदेश में बुधवार को रिकवरी में बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान राज्य में 78 नए मरीज ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 295 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में भी पिछले चौबीस घंटों में 36 संक्रमितों के स्वस्थ होने से एक्टिव केस घटकर 77 रह गए हैं। प्रदेश में बुधवार को करोना से बीकानेर में एक मरीज की मौत हो गई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9647 लोगों की जान जा चुकी है। राजधानी में बुधवार को बरकत नगर में 2 तथा गोपालपुरा, जगतपुरा, फागी, सांगानेर और विद्याधर नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

## वरिष्ठ अध्यापक के तबादले पर स्टे

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर ने वरिष्ठ अध्यापक महेन्द्र कुमार मोर्य का तबादले पर स्थगन आदेश (स्टे) दिया हैं। याचिकाकर्ता के वकील सुरेश कुमार मीणा ने बताया कि मोर्य का तबादला नवलपुरा, शाहपुरा, जयपुर से लक्ष्मण डूंगरी, जयपुर में कर दिया था। इसे अधिकरण में चुनौती पेश कर इस स्थानांतरण आदेश में पुरानी अपील विचाराधीन होते हुए कर्मचारी का स्थानांतरण नहीं किया जा सकता हैं इस पर अधिकरण ने मीणा के तर्कों को सही ठहराते हुए चुनौती अपील में स्टे आदेश पारित कर दिया।

# 'तिब्बती शरणार्थियों के पास जयपुर में हो स्थाई आवास'

## तिब्बती शरणार्थी अपनी जरूरत बताएंगे तो आवासन मंडल तैयार करेगा आवासीय योजना : पवन अरोड़ा



तिब्बती धर्म गुरू साक्या हिन्जेन ज्ञाना बज्र रिन्पोछे ने आवासन आयुक्त को महात्मा बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद दिया।

**जयपुर** । हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने कहा कि सर्दियों में हर साल गर्म कपड़ों के व्यापार के लिये जयपुर आने वाले तिब्बती शरणार्थी व्यवसायी वर्ष पर्यन्त यहां रहकर अपना व्यवसाय कर रोजी-रोटी कमा सकें, इसके लिये जरूरी है कि जयपुर में उनके पास स्थाई आवास सुविधा हो। आवासन मंडल, तिब्बती शरणार्थियों की जयपुर में आवास संबंधी समस्या दूर करने में मदद कर सकता है। इसके लिये तिब्बती शरणार्थी अपनी आवश्यकता से अवगत कराएं। हाऊसिंग बोर्ड उनकी जरूरतों के अनुरूप योजना बनाने को तैयार है।

पवन अरोडा ने यह बात बुधवार को श्री झूलेलाल तिब्बती मार्केट मानसरोवर में तिब्बतीयन रिफ्यूजी होजरी रेडीमेड सेलर यूनियन के निमंत्रण पर आयोजित अभिनन्दन समारोह में कही। समारोह में तिब्बती धर्म गुरू 43वें साक्या हिन्जेन ज्ञाना बज्र रिन्पोछे भी मौजूद थे। आवासन आयुक्त ने शॉल ओढाकर तिब्बती धर्म गुरू के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट किया। धर्मगुरू रिन्पोछे ने आवासन आयुक्त को महात्मा बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद दिया।

तिब्बती धर्म गुरू ने कहा कि जिन 266 तिब्बती शरणार्थी दुकानदारों को श्री झूलेलाल तिब्बती मार्केट में दुकानें आवंटित कर मुख्यमंत्री, यूडीएच मंत्री और आवासन आयुक्त ने उनकी रोजी-रोटी की समस्या का स्थाई समाधान किया है। सम्पूर्ण तिब्बती समाज इसके लिये उनके प्रति कृतज्ञता महसूस करता है और इसे शब्दों में बयान करना मुश्किल है।

# 'विधिक जागरूकता का घर-घर पहुंचना जरूरी'




**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल ने कहा कि आज अस्पृश्यता और बाल अपराधों को लेकर ध्यान देना जरूरी है। कुछ सपने बच्चों के होते हैं और हमें इसी दिशा में काम करने का प्रयास करना होगा। इसलिए जरूरी है कि विधिक जागरुकता घर-घर पहुंचे। सीजे मित्थल विधिक सेवा दिवस पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से छुआछूत और बाल अपराधों पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने छुआछूत को खत्म करने का बीड़ा उठाया था और ऐसे लोगों को हरिजन की संज्ञा दी थी। छुआछूत को लेकर मुंशी प्रेमचंद की ओर से लिखी कहानी भी समाज में छुआछूत को इंगित करती है। उन्होंने कहा कि पोस्टर और प्रचार से ही पॉक्सो के मामले दूर नहीं होंगे। इसके लिए अच्छे चरित्र का निर्माण करना होगा। जब व्यक्ति में चरित्र निर्माण होगा तो राष्ट्र का निर्माण भी दूर नहीं होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जस्टिस पंकज भंडारी ने कहा कि जातिगत दीवार समाज से खत्म नहीं हुई है। उन्होंने पॉक्सो अपराध के मामलों को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि छोटी बालिकाओं के लापता होने पर पुलिस का रोल अच्छा नहीं होता। पुलिस ऐसे मामलों में पॉक्सो एक्ट के बजाए सिर्फ अपहरण का मामला दर्ज करती है।